**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**04.12.2024 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1429 का उत्तर**

**कोकराझार में रेल कोच फैक्ट्री**

**1429. श्री जयन्त बसुमतारी:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या यह सही है कि बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र के अंतर्गत कोकराझार में वर्ष 2022 में एक रेल कोच फैक्ट्री स्थापित करने की घोषणा की गई थी;**

**(ख) यदि हां, तो कोकराझार में प्रस्तावित इस फैक्ट्री की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;**

**(ग) क्या यह सच है कि यह परियोजना अपनी समय-सीमा से पीछे चल रही है; और**

**(घ) यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं और इस परियोजना के पूरा होने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (घ) रेल डिब्बा कारखानों की स्थापना रेलों की चल स्टॉक की समग्र आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए की जाती है। वर्तमान में, मौजूदा उत्पादन इकाइयां और पहले से नियोजित इकाइयां निकट भविष्य में रेलों की चल स्टॉक की समग्र आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त हैं।**

**बहरहाल, रेल मंत्रालय ने बोडोलैंड क्षेत्र में नया माल डिब्बा पीओएच कारखाना स्थापित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी है।**

**********

S.K